कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अम्बिकापुर मण्डल, अम्बिकापुर (छ.ग.)

पत्र क्रमांक......................../स्था./अ.अभि./लो.स्वा.यां.वि./2018 अम्बिकापुर, दिनांक ..............................

प्रति,

संचालक,
जन संपर्क विभाग,
इंद्रावती भवन, नया रायपुर (छ0ग0)

विषय :– हैण्डपंप तकनीशियन के रिक्त पदों की पूर्ति बाबत् विज्ञापन का प्रकाशन।

---00---

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि, इस पत्र के साथ हैण्डपंप तकनीशियन के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन संलग्न है। कृपया इनका प्रकाशन राज्य स्तरीय, संभाग स्तरीय, स्थानीय समाचार एवं रोजगार समाचार पत्रों में करने का कष्ट करे।

संलग्न :– उपराक्तानुसार।

अधीक्षण अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
अम्बिकापुर मण्डल, अम्बिकापुर (छ.ग.)

पृ0 क्रमांक...351..../स्था./अ.अभि./लो.स्वा.यां.वि./2018 अम्बिकापुर, दिनांक 02-02-18

प्रतिलिपिः–

1. प्रमुख अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग इन्द्रावती भवन, नया रायपुर की ओर विज्ञापन की एक प्रति विभागीय वेबसाईट में अपलोड करने हेतु सादर सम्प्रेषित।
2. मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बिलासपुर परिक्षेत्र बिलासपुर की ओर विज्ञापन की एक प्रति के साथ सूचनार्थ सम्प्रेषित।
3. एन.आई.सी. शाखा प्रभारी कार्यालय कलेक्टर जिला कोरिया..........(छ0ग0) की ओर विज्ञापन की एक प्रति विभागीय वेबसाईट में अपलोड करने हेतु प्रेषित।
4. कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड अम्बिकापुर/सूरजपुर/बलरामपुर/बैकुण्ठपुर /जशपुर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

संलग्न :– उपराक्तानुसार।

अधीक्षण अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
अम्बिकापुर मण्डल, अम्बिकापुर (छ.ग.)

Scanned by CamScanner

<u>विज्ञप्ति प्रारूप</u>

प्रमुख अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर के पत्र क्रमांक 8169 दिनांक 03.11.2017 के तहत प्राप्त अनुमति अनुसार सरगुजा संभाग के जिले सरगुजा/सूरजपुर/बलरामपुर/कोरिया/जशपुर के लिए हैण्डपंप तकनीशियन (अराजपत्रित भर्ती एवं सेवा की शर्ते) नियम, 2016 के प्रावधान अनुसार दिनांक 07.03.2018 समय सायं 5.00 बजे तक आवेदन आमंत्रित किए जाते है। भर्ती से संबंधित जानकारी यथा पद का वेतनमान निर्धारित अर्हता, चयन प्रक्रिया, आवेदन पत्र का प्रारूप तथा अन्य जानकारी संलग्न है। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत करें।

रिक्त पदों की जानकारी –

| पदनाम | कुल रिक्तयों की वर्गवार संख्या | | | | कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या में से केवल छ.ग. के स्थानीय निवासी महिलाओं के लिए आरक्षित पद | | | | कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या में से भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित पद | | | | कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या में से निःशक्तजनों के लिए आरक्षित पद | | | | योग | वेतन/वेतन मैट्रिक्स लेबल | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | अना | अ. जा | अ. ज. जा | अ. पि व | अन ा | अ. जा | अ. ज. जा | अ. पि व | अना | अ. जा | अ. ज. जा | अ. पि व | अना | अ. जा | अ. ज. जा | अ. पि. व | | | |
| हैण्डपंप तकनीशियन | 12 | 4 | 25 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 1 | 0 | 3 | 1 | 1 | 0 | 2 | 0 | 48 | रू.22400/– (लेबल 5) | हायर सेकेण्डरी या 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण तथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आई.टी.आई.) से फिटर ट्रेड या मेकेनिकल ट्रेड या मोटर मेकेनिकल ट्रेड, ट्रेक्टर मेकेनिकल ट्रेड, आटोमोबाईल मेकेनिक ट्रेड तथा मशीनिष्ट ट्रेड का 02 वर्षीय पाठ्यक्रम उत्तीर्ण होना चाहिए फिटर ट्रेड को प्राथमिकता दी जायेगी। |
| | | | | | | | | | | | | | OI, OA, HH न्यूनतम 45% का प्रमाण--पत्र | | | | | | |

पात्रता की शर्ते :–

1. सरगुजा राजस्व संभाग के अंतर्गत आने वाले जिले सरगुजा/सूरजपुर/बलरामपुर/कोरिया/जशपुर के स्थानीय निवासी होने का प्राधिकृत अधिकारी से जारी निवास प्रमाण–पत्र आवेदन के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
2. हैण्डपंप तकनीशियन पद के लिये उक्त ट्रेडों से आई.टी.आई. परीक्षा के अंकसूची में प्राप्तांको की मेरिट आधार पर चयन किया जावेगा, किन्तु फिटर ट्रेड से उत्तीर्ण अभ्यर्थीयों को प्राथमिकता दी जावेगी।
3. कोई भी उम्मीदवार जिसकी दो से अधिक जीवित संतान है जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात् हुआ हो, नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा
4. कोई भी उम्मीदवार जिसने विवाह के लिए निर्धारित न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।
5. जिला रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमांक उल्लेख करना एवं प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना होगा।

Scanned by CamScanner

6. जाति के समर्थन में उम्मीदवार को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण–पत्र की सत्यापित छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. वांछित प्रमाण–पत्र एवं अंकसूचियों की सत्यप्रति / छायाप्रतियां सहित उम्मीदवार का आवेदन दिनांक 07.03.2018 सायं 5.00 बजे तक पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, अम्बिकापुर मण्डल, अम्बिकापुर, मैरिन ड्राईव तालाब के पास, रिंग रोड अम्बिकापुर छत्तीसगढ़ पिन कोड 497001 के कार्यालय में अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाना चाहिए। विलम्ब से प्राप्त एवं बिना पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के सीधे प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जावेगा।
8. पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के अतिरिक्त सीधे / अन्य माध्यम से प्रस्तुत आवेदन पत्र स्वीकार नही किए जायेगें। लिफाफे पर नाम, पदनाम एवं आवेदित वर्ग का नाम स्पष्ट रूप से अंकित होना आवश्यक है।
9. आयु सीमा– दिनांक 01.01.2018 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो तथा 35 वर्ष से अधिक न हो आयु सीमा में छूट छत्तीसगढ़ शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार होगी। किन्तु किसी भी दशा में 45 वर्ष से अधिक नही होगी। अभ्यर्थी की आयु की गणना विज्ञापन में उल्लेखित तिथि के अनुसार ही किया जावेगा। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि के पश्चात यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा आयु में छूट संबंधी किसी प्रकार पात्रता हासिल करता है, तो उसे आयु की गणना हेतु मान्य नही किया जावेगा।
10. आवेदक द्वारा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि में निर्धारित शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण–पत्र एवं अन्य सभी प्रमाण–पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
11. अपूर्ण, अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों के संबंध में उम्मीदवार को कोई सूचना नही दी जावेगी एवं ऐसे आवेदन पत्र अमान्य कर दिये जायेंगे।
12. पदों की संभावित रिक्तियों की संख्याओं में से स्थिति के अनुसार कमी या वृद्धि हो सकती है। जिसके लिए विभाग का निर्णय अंतिम होगा।
13. यह नियुक्ति सरगुजा संभाग के निम्न उल्लेखित जिले के लिए है। अतएव चयनित उम्मीदवारों को रिक्तियों के आधार पर सरगुजा राजस्व संभाग के अंतर्गत जिला सरगुजा / सूरजपुर / बलरामपुर / कोरिया / जशपुर में ही पदस्थपना की जावेगी।
14. यदि चयन प्रक्रिया में उपयुक्त महिला आवेदिका के चयन न होने से रिक्त पद उसी प्रवर्ग के पुरूष उम्मीदवारों के चयन द्वारा भरे जा सकेगें, जिस प्रवर्ग के लिए वह आरक्षित है।
15. चयन प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर आवेदक के अयोग्य पाए जाने पर उनके आवेदन पत्र निरस्त कर उसकी उम्मीदवारी समाप्त की जा सकेगी। जिसके लिए आवेदक स्वयं जिम्मेदार होंगे।
16. चयन हेतु अभ्यर्थी की पात्रता / अपात्रता के संबंध में अंतिम निर्णय का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा।
17. किसी भी विवाद की स्थिति में अधोहस्ताक्षरकर्ता का निर्णय ही अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
18. चयनित उम्मीदवारों को पुलिस वेरिफिकेशन कराने तथा जिला चिकित्सालय के चिकित्सा बोर्ड से स्वास्थ्य फिटनेश प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने के बाद ही सेवा में लिया जावेगा।

अधीक्षण अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
अम्बिकापुर मण्डल, अम्बिकापुर (छ0ग0)

Scanned by CamScanner

# हैण्डपंप तकनीशियनों की भर्ती हेतु आवेदन पत्र

प्रति,

अधीक्षण अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
अम्बिकापुर मण्डल, अम्बिकापुर (छ0ग0)
मैरिन ड्राईव तालाब के पास, रिंग रोड, अम्बिकापुर
जिला–सरगुजा (छ0ग0)

1. आवेदित पद का नाम जिसके लिये आवेदन किया जा रहा है : ..................................................
2. आवेदक/आवेदिका का नाम (उपनाम सहित) : ..................................................
3. पिता/पति का नाम (उपनाम सहित) : ..................................................
4. जन्म तिथि : (अंकों मे) : ..................................................
   (शब्दों में) : ..................................................
5. पत्र व्यवहार का वर्तमान पता दूरभाष क्रमांक सहित : ..................................................
6. स्थायी पता : ..................................................
7. राष्ट्रीयता : ..................................................
8. 01.01.2018 को आयु : वर्ष.................. माह.................. दिन..............

9 (अ) यदि आवेदक/आवेदिका शादीशुदा है तब जीवित बच्चों की संख्या

(ब) 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात् जन्म हुये बच्चों की संख्या

10. सामान्य/अनु.जाति/अनु.जनजाति/पिछड़ा वर्ग/भूतपूर्व सैनिक हो तो उसका नाम लिखें : ....................
(आवेदक/आवेदिका द्वारा स्पष्ट से अंकित किया जावे कि किस संवर्ग के अंतर्गत आते हैं : ....................
तथा सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया प्रमाण–पत्र की सत्यप्रतिलिपि संलग्न करें)

11. रोजगार कार्यालय का नाम : ..................................................
पंजीयन क्रमांक : ................................ दिनांक ........................
नवीनीकरण की तिथि : ..................................................

12. निःशक्तता का प्रकार (केवल निःशक्तजनों के लिए): ..................................................

13 शैक्षणिक योग्यता (प्रमाण–पत्रों, अंक सूची की) सत्यप्रतिलिपि संलग्न करें।

| क्र. | परीक्षा का नाम | संस्था/बोर्ड/वि.वि. | उत्तीर्ण करने का वर्ष | प्राप्तांको का प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हाईस्कूल | | | | |
| 2. | हायर सेकेण्डरी | | | | |
| 3. | आई.टी.आई. से 2 वर्षीय प्रशिक्षण प्राप्त उत्तीर्ण | | | | |
| 4. | अन्य प्रमाण पत्र | | | | |

14. क्या विकलांग/भूतपूर्व सैनिक है : ..................................................
(सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र जो सत्यापित हो प्रतिलिपि संलग्न करें)

15. जिले का निवास प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया हो : ..................................................
(निवास प्रमाण–पत्र की सत्यापित प्रतिलिपि संलग्न करें)

16. संलग्न किए गए सत्यापित प्रमाण–पत्रों की सूची :–

Scanned by CamScanner

# प्रमाण–पत्र

मैं ........................................................................ एतद् द्वारा यह घोषणा करता/करती हूँ कि आवेदन पत्र में दी गई उपरोक्त सभी जानकारी वह पूर्णतः सत्य एवं सही है, कोई जानकारी असत्य होने की दशा में मेरा आवेदन निरस्त किया जा सकेगा एवं चयन के पश्चात भी मेरी नियुक्ति बिना नोटिस के समाप्त। यदि जानकारी असत्य पाई गई तो मेरा आवेदन/उम्मीदवारी अथवा नियुक्ति निरस्त की जा सकेगी।

स्थान : ................................................

दिनांक : ................................................

आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर

नाम ........................................................

(आवेदन में चाही गई समस्त प्रमाण–पत्रों की सत्यापित प्रतिलिपि प्रस्तुत करें)

Scanned by CamScanner